— **राजेश सिंह,** *27 वर्ष, किसान, मथुरा, उत्तर प्रदेश*

दस साल पहले तक हमारे पास अंदाजन 5000 सेबों की पेटियां हो जाती थीं। कुछ सालों से हिमपात में कमी आई है। उसके बाद हिमपात देर से होने लगी और अब बर्फ कुछ हफ्तों के लिए ही पड़ती है। अब सेबों की 1200 पेटियां ही हो पाती हैं। अगर बर्फ सही समय पर नहीं पड़े तो सेब में फूल नहीं आते। हमारे पास इतने पैसे नहीं हैं कि स्पीति के ऊपरी इलाकों पर जमीन खरीद सकें जैसा की हमारे पड़ोसियों ने किया। अब सेबों की कमाई से जीवनयापन कर पाना असम्भव सा हो गया है।

— **सुमिरन सिंह वर्मा,** *53 वर्ष, किसान, शोधी, शिमला, हिमाचल प्रदेश*

मैं बीटी कपास (BG-II or Bollgard 2) लगाता था। उनमें रासायनिक खाद और कीटनाशक भी डालता था। मैंने पास के महाजन से कर्जा लिया। तीन साल से बारिश नहीं हुई। जमीन सूख कर फट गई है। फायदा तो भूल जाइए मैं अब कर्जदार हूं। पिछली गर्मी में मेरी हिम्मत टूट गई। मेरी जमीन इतनी ज्यादा झुलस चुकी है कि अब इसमें कुछ भी उगाना सम्भव नहीं।

— **डी. नयानप्पा,** *40 वर्ष, किसान, कुरनूल, आंध्र प्रदेश*

जब मैं छोटी थी, बाढ़ की मदद से हम तीन फसल उगा लिया करते थे। जमीन इतनी उपजाऊ थी कि कभी–कभार चार फसल भी हो जाती थी। अब सब कुछ बदल चुका है। अब हम यूरिया और दूसरे पैकेट फसलों को कीट से बचाने के लिए डालते हैं। पर इससे भी कोई फायदा नहीं हो रहा क्योंकि आजकल बहुत सारे नए–नए कीट आ गए हैं। पिछले 10 वर्षों में वर्षा में भी काफी बदलाव आए हैं। हर चीज पर इसका असर पड़ रहा है।

— **प्राबाना अमीन,** *58 वर्ष, किसान, सीतामढ़ी, बिहार*

जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा नुकसान कृषि को क्यों ?

भारत में 60 करोड़ लोग कृषि और कृषि सम्बन्धित व्यवसायों पर निर्भर हैं। इनमें से अधिकां ा छोटे किसान हैं जिनके पास 2 हेक्टेयर या उससे भी कम जमीन है। दो–तिहाई से ज्यादा खेत वर्षा आधारित ख्बारानीह्हैं। इनमें से दो–तिहाई सूखा प्रभावित हैं। करीब 4 करोड़ हेक्टेयर भूमि बाढ़ प्रभावित है।[9] सबसे गरीब लोग भौगोलिक रूप से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र या हा ाए पर स्थित हैं जैसे – बाढ़ के मैदान और कम उपजाप्र जमीन। गरीबों के पास जलवायु के प्रभाव से निपटने की काफी सीमित क्षमता होती है। जलवायु के कारण हो रहे नुकसान का बोझ उठाने के लिए इनके पास ज्यादा साधन नहीं होते हैं।

[9] *http://www.dieselhal.com/blog/uncategorized/climate-change-consequences-indian-farmers/*

जलवायु परिवर्तन कृषि के लिए बड़ी गम्भीर चुनौती है क्योंकि इसका सीधा सम्बन्ध पानी की उपलब्धता ग्वर्षा और भू–जलह्न वायु, मृदा और जैव–विविधता से है। इनमें से किसी में भी थोड़ा सा भी बदलाव आ जाए तो भारत की कृषि का चेहरा पूरी तरह से बदल सकता है। भारत में खाद्य उत्पादन मानसून और तापमान के उतार चढ़ाव के प्रति काफी संवेदन ाील है। तापमान में वृद्धी का सीधा असर रबी फसल पर पड़ता है। प्रत्येक 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ौड्ढरी से गेंहूं उत्पादन में 40–50 लाख टन का फर्क पड़ जाता है। तापमान और वर्षा में थोड़े से भी बदलाव से फल, सब्जियां, चाय, कॉफी, बासमती एवं अन्य सुगंधित और औषधीय पौधों की गुणवद्धा और मात्रा में काफी असर देखने को मिलता है।[10]

भारत एक वि ाल दे ा है। यह जलवायु के बदलावों का अपने सामने होते देख रहा है। इससे जलवायु परिवर्तन से निपटने में काफी अड़चनें आती हैं। मानसून पर निर्भर छोटे किसानों के लिए कृषि असुरक्षित है। पारम्परिक जानकारी को साझा करने और प्र िाक्षण व आदान–प्रदान के द्वारा नई जानकारी हासिल करने के सीमित साधन होने के कारण ये किसान अजीबो–गरीब स्थिति में फंसे रहते हैं। मौसम में बदलाव, तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा के कारण पहले से ही हमारी पारिस्थितिक व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन्हें हम फसलों, मवे ियों, कीट और रोगाणुओं में बदलाव के रूप में देख सकते हैं। इसी साल 2015 के अप्रैल माह में हमने देखा कि कैसे वर्षा ने गेहूं की फसल पर कहर ढाया। फसल नष्ट होने से किसान और ज्यादा कर्जदार होते जा रहे हैं।[11]

ऐसा नहीं है कि सिर्फ जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि को नुकसान पहुंच रहा है। कृषि के तौर तरीकों से जलवायु भी प्रभावित हो रहा है। भारत में प्र र्जा क्षेत्र के बाद ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में सबसे बड़ा योगदान कृषि का है। मिथेन और नाईट्राइट ऑक्साइड जैसी खतरनाक गैस कृषि के अलग–अलग तरीकों से निकलती है। रासायनिक खाद और कीटना ाक डालने से भी इन गैसों का प्रचुर मात्रा में निर्माण होता है। फसल अव ोश को जलाने से भी काफी ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन होता है। इसके अलावा प ाुओं द्वारा चबाने की प्रचि या में मिथेन गैस बनती है। खेत में म ाीनों के प्रयोग ग्वासतौर पर डीजल चलितह्न और जैव–ईंधन (Biomass) के दहन से भी काफी नुकसान पहुंचता है।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव

भारत एक वि ाल दे ा है जिसे मृदा, पानी की स्थिति और जलवायु के आधार पर विभिन्न जलवायु क्षेत्रों ग्जोनह्न में बांटा गया है। भारत में ऐसे 6 अलग–अलग जलवायु जोन हैं। भविष्य में होने वाले कुछ प्रभावों को हमने यहां सूचीबद्ध किया है। यह प्रभाव सिर्फ जलवायु पर ही निर्भर नहीं हैं बल्कि कृषि में प्रचलित तरीकों का भी इन पर असर होता है। इसके साथ–साथ हम कुछ महत्वपूर्ण फसलों के प्र पर पड़ने वाले प्रभाव व कृषि से जुड़े अन्य कारकों को भी समझने की कोि ा ा करेगें।[12]

---

[10] *"Statistics Related to Climate Change in India", Ministry of Statistics and Programme Implementation, November 2013*

[11] *http://www.aljazeera.com/news/2015/04/unseasonal-rain-destroys-india-ripened-crops-150415094557312.html*

1. गंगा के मैदान (Indo-Gangetic Plains)

यह क्षेत्र नदियों से भरा हुआ है और यहां की मिर्ी बहुत उपजाप्र है। गंगा के मैदानी इलाके पूरी तरह से सिंचित हैं और यहां धान, गेहूं, तिलहन, दलहन, और सब्जियां उगाई जाती हैं। द कों से रासायनिक खाद और कीटना क के अति उपयोग से यहां की मिर्ी खराब हो गई है और भू–जल का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। हिमनदों के पिघलने से जल प्रवाह में कमी आ सकती है। जलवायु परिवर्तन की वजह से उत्पादन में गिरावट की आ ंका है जिसकी वजह से बीजारोपण के तरीकों में बदलाव लाने की जरूरत पड़ेगी। वर्ष 2050 तक यह क्षेत्र अत्यधिक गर्मी (heat stress) के साथ अल्पकालीन–मौसम (short seasons) में परिवर्तित हो सकता है।

2. हिमालयी क्षेत्र (Himalayan Belt)

इस क्षेत्र में स्थित हिमनद उङ्कर भारत में बहने वाली नदियों को जल प्रदान करते हैं। बढ़ते तापमान के साथ ये हिमनद पहले से भी ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं जिसकी वजह से कभी–कभी नदियों में बाढ़ आ जाती है। भविष्य में स्वच्छ पानी (fresh water) की उपलब्धता पर गम्भीर संकट आ सकते हैं। इसका सीधा असर फसलों के उत्पादन में गिरावट के रूप में पड़ सकता है।

3. गर्म व आर्द्र क्षेत्र (Hot and Humid Zone)

इस क्षेत्र के अन्तर्गत ओडि ाा, छङ्कीसगढ़, पि चम बंगाल के कुछ भाग, मध्यप्रदे ा, और महाराष्ट्र आते हैं जो पूरी तरह से वर्षा पर आधारित हैं। यहां धान, दलहन, मूंगफली और मोटे अनाज के साथ–साथ छोटे किसान कपास जैसे नकदी फसल भी उगाते हैं। उच्च तापमान और सूखा से यहां की फसलें बर्बाद हो सकती हैं। यहां की मिर्ी सूखी और बेजान है जिसके कारण यहां का सारा पानी बह जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण इस इलाके में कम वर्षा हो सकती है और सूखा की स्थितियां पैदा हो सकती हैं। मौसम सम्बन्धित गम्भीर घटनाएं यहां बार–बार घट सकती हैं।

4. उष्णकटिबंधीय आर्द्र क्षेत्र (Tropical Wet Region)

इस क्षेत्र में भारतीय प्रायद्वीप (peninsula) के दक्षिणी भाग आते हैं जहां आमतौर पर गर्मी ज्यादा पड़ती है और सर्दियां भी गर्म होती हैं। उष्णकटिबंधीय वर्षा–वन (rainforest) में उगने वाले बागानी कृषि[13] (plantation crops) के साथ–साथ समुद्री मत्स्य उत्पादन पर भी जलवायु परिवर्तन का असर पड़ सकते है। इस क्षेत्र में नारियल, सुपारी, मसाले और दलहन का भारी मात्रा में उत्पादन होता है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्री जल स्तर में बढ़ौङ्करी हो सकती है जिससे मृदा और मीठे पानी के लवणीकरण की सम्भावनाएं बढ़ जाएंगी। इससे इस इलाके के फसल और मत्स्य उत्पादन गम्भीर रूप से प्रभावित होगें।

---

[12] *"Rising to the Call: Good Practices of Climate Change Adaptation in India", Centre for Science and Environment, 2014*

[13] *बड़े–बड़े बगानों के रूप में की जाने वाली कृषि जिसमें एक बार वृक्षों के बगान लगा दिए जाते हैं और कुछ समय पश्चात से कई वर्षों तक उसमें से उत्पादन होता रहता है।*

5. शुष्क एंव आर्द्र शुष्क क्षेत्र (Arid and Semi-arid Zone)

इस क्षेत्र में थार रेगिस्तान, गुजरात और दक्कन के पठार आते हैं। यहां वर्षा आधारित कृषि प्रचलित है। पानी की अत्यधिक कमी और उच्च तापमान के कारण यहां की पैदावार पहले से ही कम है। वर्ष 2006 में बाड़मेर में आई बाढ़ ने सब कुछ तहस–नहस कर दिया था और अपने पीछे कई बीमारियां छोड़ गई थी। राजस्थान में जिस तेजी से जमीन से पानी निकाला जा रहा है उससे राज्य के कई इलाकों के भू–जल में नमक, फलोराइड, क्लोराइड, लोहा, नाईटेट की मात्रा बढ़ गई है और पानी पीने के लायक नहीं बचा है। इस प्रकार के जल संकट और अतिवृष्टि जलवायु परिवर्तन की वजह से और भी गम्भीर हो सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण इस इलाके में अत्यधिक वर्षा हो सकती है जिससे न सिर्फ पैदावार पर असर पड़ेगा बल्कि जानोमाल के भी नुकसान का खतरा बना रहेगा।

6. डेल्टा[14] और तटीय क्षेत्र (Delta and Coastal Areas)

पि चम बंगाल के डेल्टा क्षेत्र के सामने पूरी तरह से जलमग्न होने का खतरा मंडरा रहा है। सुन्दरवन के कुछ द्वीप पहले से ही जलमग्न हो चुके हैं जिससे यहां के स्थानीय लोगों को पलायन करना पड़ रहा है। करीब 7000 लोग यहां से विस्थापित हो चुके हैं और अंदाजा है कि वर्ष 2030 तक इनकी संख्या बढ़कर 70,000[15] हो जाएगी। समुद्री जल स्तर के बढ़ने से इनके आवास छीन गए हैं। यहां की जैव–विविधता पर भी खतरा मंडरा रहा है। बाढ़ और नमकीन पानी से यहां के निचले इलाके भर सकते हैं जिससे पि चम बंगाल और ओडि ा के कई इलाकों में खेती करना नामुमकिन हो जाएगा। धान, जो यहां की प्रमुख फसल है और समुद्री मत्स्य उत्पादन पर इसका गहरा असर पड़ेगा। स्वच्छ पानी की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती बन कर सामने आएगी। इसके साथ–साथ चय वात और ज्वारीय धारा (tidal wave) जैसी घटनाओं में बढ़ौड्डरी हो सकती है।

फसलें एंव अन्य घटक

वर्ष 2014 में आई जलवायु परिवर्तन पर अन्तरसरकारी समिति (Intergovernmental Panel on Climate Change: IPCC) की एक रिपोर्ट के अनुसार वै िवक ताप में वृद्धि और खाद्य की बढ़ती मांग स्थानीय और वि व के स्तर पर एक बड़ी चुनौती बन कर सामने आ सकती है। इसमें द र्ाया गया है कि मात्र 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से गेहूं, चावल, धान, जैसी मुख्य फसलों पर गम्भीर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। भारत के लिए यह पूर्वानुमान लगाया गया है कि मुख्य फसलों के प्र पर गहरा असर पड़ेगा जिससे खाद्य सुरक्षा प्रभावित होगी। वर्ष 2030 के बाद कुल खाद्य उत्पादन में गिरावट आ सकती है।[16] खरीफ फसलें वर्षा में बदलाव के कारण प्रभावित होंगी वहीं बदलते तापमान के कारण रबी को नुकसान पहुंच सकता है। गेंहू के प्र पर टर्मिनल हीट स्ट्रेस के कारण बुरा प्रभाव पड़ेगा। हालांकि इन बदलावों के लक्षण अनि िचत हैं पर फिर भी इतना तय है कि बदलते पर्यावरणीय मापदण्डों का फसलों और पारिस्थितिक तंत्र पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। आईये देखते हैं कुछ वि ोष फसलों तथा कृषि के अन्य पहलू जलवायु परिवर्तन से किस प्रकार प्रभावित होने

---

[14] *नदी से बना तिकोणीय उपजाऊ क्षेत्र*

[15] *"Suffering The Science: Climate Change, People and Policy", Oxfam International, 2009*

[16] *"Climate Change : IPCC Report Warns of Looming Food Crisis", Down to Earth, 31 March, 2014*

वाले हैं।	
गेहूं	यह अनुमान लगाया जा रहा है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से वार्षिक गेहूं उत्पादन में 60 लाख टन की गिरावट आ सकती है।[17] हरियाणा, उड्ढर प्रदे ा और पंजाब जैसे उड्ढर भारत के राज्यों पर इसके सबसे बुरे प्रभाव देखने को मिलेंगे। वर्ष 2003–2004 के फरवरी–मार्च के दौरान हरियाणा में रात का तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। बाद में देखा गया कि गेहूं का उत्पादन 4106
चावल	किलो प्रति हेक्टेयर से घट कर 3937 किलो प्रति हेक्टेयर हो गया है।[18] अगर तापमान में 1–4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होती है तो धान के उत्पादन में 10 प्रति ात प्रति डिग्री की दर से गिरावट आएगी। बासमती जैसे प्रमुख नकदी फसल में तापमान की वृद्धि से परागण ठीक से नहीं हो पा रहा है और दाने कम बन रहे हैं।[19] वर्षा में आ रहे बदलाव का भी बुरा असर धान पर पड़ रहा है। सूखा जैसी स्थिति और असमान वर्षा का धान के उत्पादन पर फर्क पड़ेगा। दे ा के पूर्वी और पूर्वोड्ढर इलाकों में तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा बढ़ सकती है। इससे उत्पादन में जो कमी आएगी उसका फल भारत के असंख्य चावल प्रमियों को भुगतना पड़ेगा। इससे भुखमरी जैसी स्थिति भी पैदा हो
मक्का	सकती है। पहाड़ी और रेगिस्तान के इलाकों में मक्का एक महत्वपूर्ण अनाज है। इस पर खास तौर से वर्षा का असर पड़ता है। अनियमित वर्षा से इसके उत्पादन में कमी आ सकती है। तापमान में वृद्धि की भी अहम भूमिका है। आने वाले द ाकों में मानसून के दौरान इसके उत्पादन में दक्षिण पठार के क्षेत्र में 35 प्रति ात तक और गंगा के मैदानी क्षेत्र में 55 प्रति ात तक कमी
उत्पादन मत्स्य ्यसमुद्री और स्वच्छ पानीह	आ सकती है।[20] सभी समुद्री जीवों का जीवन और उनका भौगोलिक फैलाव जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो सकता है। समुद्री और स्वच्छ पानी की मछलियां जिन इलाकों में पाई जाती हैं वे या तो बदल जाएगें या सिकुड़ जाएगें। चूंकि सारी प्रजातियां एक दूसरे से जुड़ी हुईं हैं, किसी एक प्रजाति के समुह में आए किसी भी बदलाव से पूरा पारिस्थितिक तंत्र बदल जाएगा। समुद्री

[17] *Aggarwal, PK and Swaroop Rani, DN., "Assessment of Climate Change Impacts on Wheat Production in India", Indian Council of Agricultural Research, New Delhi*

[18] *Ibid*

[19] *Singh, SD., Chakrabarti, B and Aggarwal, PK., "Impact of Elevated Temperature on Growth and yield of some Field Crops, Global Climate Change and Indian Agriculture," ICAR Network Project, Indian Council for Agricultural Research, New Delhi*

[20] *Ibid*

	सतह के तापमान में वृद्धि से अंडे देने की क्षमता में कमी आ सकती है। प्रजनन के इलाके बदल चुके हैं और ये उपयुक्त तापमान वाली जगहों की तरफ बढ़ रहे हैं। इसका सीधा
मिट्टी (मृदा)	असर मछलियों की उपलब्धता और मछुआरों की आजीविका पर पड़ेगा खास तौर पर गर्मी के महीनों (अप्रैल से सितम्बर) के दौरान। तापमान और वर्षा में बदलाव का सीधा असर पानी के बहाव और मिट्टी के कटाव पर पड़ता है। इससे मिट्टी की जैविक कार्बन, नाईट्रोजन की मात्रा और लवणता पर प्रभाव पड़ता है। मिट्टी की जैव विविधता पर भी इसके असर देखने को मिलता है अर्थात् मिट्टी की उर्वरता के लिए जरूरी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा रासायनिक खाद और कीटनाशक के अधिक उपयोग से मिट्टी के पोषक तत्व खत्म होते जा रहे हैं। इनकी वजह से भू–जल प्रदूषित हुआ है और मिट्टी की उर्वरता में कमी आई है। मिट्टी की सजीव क्रिया इनके
पानी	इस्तेमाल से नष्ट हो जाती है और इनसे नाईट्रस ऑक्साइड जैसी हानीकारक ग्रीनहाउस गैस बनती है। वर्ष 2050 तक दक्षिण एशिया के 25 करोड़ लोग पानी की कमी से प्रभावित हो सकते हैं।[21] विलम्बित मानसून, बार–बार आने वाला सूखा, असमय वर्षा, ओले एंव बाढ़, भारतीय कृषि के लिए एक मुश्किल स्थिति पैदा कर देंगे। बढ़ते तापमान और मौसम की गम्भीर घटनाओं से पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि इससे वाष्पीकरण की दर बढ़ जाएगी। कई इलाकों में बाढ़ भी आ सकती है। भारतीय कृषि अधिकांश रूप से वर्षा पर आधारित है और अनियमित वर्षा होने से सिंचाई की आवश्यकता बढ़ जाएगी। इसके
पशुपालन और मुर्गी पालन	साथ–साथ उद्योग और शहरी क्षेत्र भी भारी मात्रा में पानी की मांग करेंगे जिससे स्थिति और भी गम्भीर हो सकती है। जलवायु परिवर्तन से जीवों के जीवन चक्र का लय प्रभावित हो सकता है। आर्द्रता और तापमान में वृद्धि से पशुओं की खुराक कम हो जाती है। उनके प्रजनन तंत्र बिगड़ जाते हैं और उनके दुग्ध उत्पादन में गिरावट आती है। सीमित जल उपलब्धता से प्रजनन तंत्र और दुग्ध उत्पादन में फर्क पड़ सकता है। अन्य इलाकों की अपेक्षा उत्तर भारत में गायों और भैसों के दुग्ध उत्पादन में जलवायु परिवर्तन का ज्यादा असर पड़ेगा।[22] गर्मी की लहर के
और रोग	कारण मुर्गी पालन प्रभावित हो सकता है क्योंकि ऐसे में मुर्गियों की स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

[21] "Beyond Scarcity: Power, Poverty and Global Water Crisis," Human Development Report, UNDP, 2006

[22] Upadhyay, RC., Sirohi S., Ashutosh, Singh, SV., Kumar A., and Gupta, SK., "Global Climate Change and Indian Agriculture, Case Studies from the ICAR Network Project," Indian Council of Agricultural Research, New Delhi

अनुकूलन और शमन (Adaptation and Mitigation)

जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभाव हमारे जीवन के हर पहलू पर पड़ रहे हैं और आगे भी पड़ते रहेंगे। भारत जैसे गरीब दे ा में खासतौर पर छोटे किसानों के लिए इससे जुड़ी चुनौतियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। भोजन का अधिकार, पोषण, खाद्य सुरक्षा और खाद्य संप्रभुता संकट में है। इन बदलावों को कम करने या खत्म करने के लिए आव यक है कि हम अपने तौर–तरीकों में कुछ बदलाव लाएं ताकि मनुष्य का इस धरती पर अस्तित्व बना रहे। जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए कई प्रकार के अनुकूलन और ष ामन के तरीके मौजूद हैं। ये तरीके बाजार और बड़ी कम्पनियों द्वारा प्रेरित मौजुदा और हावी प्रचि याओं का विरोध करते हुए एक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। इन बदलावों से उभरने के लिए इनका विरोध करना आव यक है। जलवायु परिवर्तन पर अन्तरसरकारी समिति श्आई.पी.सी.सीह्के अनुसार, ग्रीनहाउस गैस को कम करने के लिए मानव द्वारा किए गए प्रयासों को 'ष ामन' कहते हैं। इसके साथ–साथ जलवायु परिवर्तन के अनुसार अपने आप को ढालने की क्षमता को 'अनुकूलन' कहते हैं।[23] इस प्रकार एक तरफ अनुकूलन लोगों एंव परिस्थितिक तंत्र की जलवायु के प्रति संवेदन ीलता को कम करता है वहीं दूसरी ओर ष ामन जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के प्रयास करता है। इनमें से कोई भी अकेले जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्षम नहीं है। इस संकट से तभी उभरा जा सकता है जब ष ामन द्वारा उत्सर्जन के स्तर को कम किया जाए और अनुकूलन द्वारा स्थानीय समुदायओं को इनके प्रभावों से जूझने के लिए स ाक्त किया जाए।

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के आंकलन के लिए बहुत बड़े स्तर पर भौतिक, जैव और सामाजिक–आर्थिक मॉडल, पद्धतियों और सुनियोजित जानकारियों की जरूरत पड़ेगी। जलवायु परिवर्तन से निपटने के मौजुदा प्रयासों और प्रतिबद्धता के आंकलन से यह स्पष्ट है कि हम ग्रीनहाउस गैसों में कटौती का लक्ष्य बिलकुल हासिल नहीं कर पायेंगे। ऐसे में अनुकूलन अव यंभावी हो जाता है। इस बात पर दृढ़ वि वास जताया जा रहा है कि टिकाप्र विकास के मार्ग पर चलते हुए जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका समाज की जूझने की क्षमता को बढ़ाना है। आई.पी.सी.सी के अनुसार कृषि में मौजूद कुछ ष ामन के उपाय आगे चल के काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। मौजूदा प्रयासों से यह स्पष्ट हो जाता है कि जलवायु नीतियों के बीच सहचि यता, टिकाप्र विकास और पर्यावरणीय गुणवङ्खा में सुधार से ही कृषि क्षेत्र में ष ामन सम्भव है।[24]

अध्ययन से यह पता चला है कि ष ामन आधारित उपाय ही फसल को नुकसान से बचा सकते हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर सकते हैं। कृषि–परिस्थितिकी के तरीके र्मी ी में जैविक पदार्थ की मात्रा बढ़ाते हैं जिससे कार्बन पृथङ्खरण (carbon sequestration) होता है। यह तभी सम्भव है जब हम खाद और फसल अव ोष को र्मी ी में ही मिला दें, मिश्रित और दलहन जैसी खेती, फसलों के अवर्तन और न्यूनतम जुताई इत्यादि तरीकों का प्रयोग करें।[25] परिस्थितिकीय खेती से कार्बन डाइऑक्साइड, मिथेन, नाईट्रस

[23] *Intergovernmental Panel on Climate Change(IPCC) www.ipcc.ch*

[24] *https://www.ipcc.ch/publications_and_data/ar4/wg3/en/ch8.html*

[25] *For more information, please check http://kotschi.eu/en/agriculture-climate/*

ऑक्साइड में भारी कटौती होती है क्योंकि इसमें रसायनों का इस्तेमाल नहीं होता और फसलों के अवशेष को जलाया नहीं जाता है।

अनुकूलन उपायों को टिकाऊ खेती के स्थानीय तरीकों पर आधारित होना चाहिए। कृषि समाज के पूराने तरीकों से ही हम जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से जूझने के उपाय ढूंढ़ सकते हैं।[26] इन स्थानीय उपायों में ज्यादा सम्भावनाएं हैं कि वे असानी से स्थानीय मिट्टी, पानी वर्षा और जीन कुण्ड (gene pool) के अनुरूप अपने आप को ढाल सकें।

किसी भी प्रकार का रासायनिक इस्तेमाल या हाईब्रिड अथवा जीनांतरित बीजों का जलवायु परिवर्तन को बढ़ाने में बड़ा योगदान है। इन से उत्सर्जन बढ़ता है और सूक्ष्म जीवों के मरने से मिट्टी की उर्वरता नष्ट हो जाती है। इस प्रकार ये जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र को क्षति पहुंचाते हैं। दूसरी तरफ 'पारिस्थितिकी तंत्र आधारित अनुकूलन' (ecosysytem based adaptation) जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को एकीकृत कर ऐसी पद्धितियां तैयार करता है जिससे लोगों को जलवायु परिवर्तन के गम्भीर परिणामों से जूझने में मदद मिलती है। इसके साथ–साथ किसान संगठनों का मानना है कि छोटे किसानों को विविधता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। भूमि उपयोग में विविधता, बारह मासी फसल, मौसमी फसल, फल वृक्ष, चारा, टिम्बर (इमारती लकड़ी वाला वृक्ष) इत्यादि के मिश्रण से कई रास्ते खुल जाते हैं। इनसे जीविका और भोजन के साथ–साथ नकद और अन्य आवासीय जरूरतें भी पूरी हो सकती है। कृषि से पर्यावरण का उद्धार होना चाहिए न कि इसका उपभोग या इसे प्रदूषित किया जाना चाहिए।[27]

आइए देखते हैं कि किन कृषि पारिस्थितिकी पर आधारित अनुकूलन और शमन के उपायों की मदद से उत्पादन में बढ़ौत्तरी के साथ–साथ जलवायु परिवर्तन के गम्भीर परिणामों को भी कम किया जा सकता है।[28]

मृदा (मिट्टी)

पलवार (mulching) पद्धिति द्वारा हम नमी बचाकर मिट्टी में जैविक पदार्थ की मात्रा बढ़ा सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि पलवार पद्धिति से हम मिट्टी के तापमान को 2 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकते हैं। मोटे अनाज और मिर्च जैसी फसलों में पानी की लागत को इसके द्वारा कम किया जा सकता है। मिट्टी में कटाव को रोकने के उपाय, जैसे नाली डाट (gully plug) बनाना, सीढ़ीदार खेती (terrace farming), बांध और परिरेखा खेती (contour cultivation) संरक्षण खेती (फसल अवशेषों को खेत में ही छोड़ देना) और झाड़ियों और पेड़ों को खेत के किनारे लगाना इत्यादि तरीकों के जरिए भी अनुकूलन किया जा सकता है। अनियमित और तेज वर्षा की वजह से जल संरक्षण और मिट्टी के कटाव (मृदा क्षरण) को रोकना काफी महत्वपूर्ण हो

---

[26] *National Conference on Ensuring Food Security in a Changing Climate, Gene Campaign and ActionAid, April 2010, New Delhi*

[27] *http://base.d-p-h.info/fr/fiches/dph/fiche-dph-8762.html*

[28] *For more information and copies in hindi and english, please check http://focusweb.org/content/handbook-agroecology-farmers-manual-sustainable-practices-0*

जाता है। मेड़ (bund) की मदद से हम पानी के बहाव को रोक सकते हैं जिससे पानी अच्छी तरह से मिट्टी में समा जाए और मिट्टी में ढेले न बने। इस प्रकार मुश्किल जलवायु स्थितियों में भी हम अपनी मिट्टी को बचा सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि इस विधि को अपना कर हम पहाड़ी और उबर–खाबड़ इलाकों में भी फसलों के उत्पादन को काफी बढ़ा सकते हैं। रासायनिक खाद के बिना भी हम कई तरीकों से मिट्टी की उर्वरता बढ़ा सकते हैं। केंचुआ खाद, रसोई के कचरे की खाद, मिश्रित फसलें और नाईट्रोजन योगिकीकरण (Nitrogen fixation) करने वाले पौधों के जरिए प्राकृतिक रूप से हम मिट्टी को पोषक तत्व प्रदान कर सकते हैं। प्राकृतिक रूप से उपलब्ध सामग्री और खेतों से निकलने वाले अवशेषों और कचरों का पुनः इस्तेमाल करके भी खेती की जा सकती है। इनकी मदद से हम महंगी रासायनिक खाद से छुटकारा पा सकते हैं। जीवाश्म ईंधन से बनी इस खाद का इस्तेमाल रोककर हम मिट्टी को भी नष्ट होने से बचा लेंगे। किसानों की आत्महत्या और कर्ज के पीछे इन्हीं महंगी और जानलेवा खाद और कीटनाशक का हाथ है। दूसरी तरफ जैविक खाद में प्रचुर मात्रा में नाईट्रोजन, फॉसफोरस और पोटैशियम पाया जाता है जो मिट्टी को न सिर्फ उपजाऊ बनाते हैं बल्कि उसे रोगाणुओं से भी मुक्त करते हैं।

गौरी मण्डल का गांव पश्चिम बंगाल के सुन्दरवन में स्थित है। इनके पास कुल 4 बीघा यानी 1.3 एकड़ भूमि का खेत है। ज्यादातर यह अपने परिवार के लिए ही धान और थोड़ी सब्जियां लगाती हैं। वर्ष 2008 में आए 'आइला' चक्रवात के कारण इनके खेत में नमकीन खारे पानी भर गया। इसके बाद वर्षा भी असमय और अनियमित रूप से हुई। इसके कारण इन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा।

पहले गौरी मण्डल रासायनिक खाद इस्तेमाल करती थीं। उन्होंने देखा कि इससे उनकी जमीन नष्ट होती जा रही है। इससे ज्यादा रासायनिक खाद डालना उनके लिए सम्भव नहीं था क्योंकि बार–बार इसे खरीदने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। इससे फायदा भी उतना नहीं हो रहा था। धीरे–धीरे उत्पादन भी कम होता जा रहा था। मिट्टी सख्त हो रही थी और उसमें दरारें पड़ने लगी थी।

वर्ष 2009 में इन्होंने केंचुआ खाद (vermicompost) के लिए एक गड्ढा तैयार किया। इसे धूप से बचाने के लिए प्लास्टिक पर से ढंका और किनारों को हवा के लिए खुला छोड़ दिया। मुट्ठी भर केंचुओं को मिट्टी में मिला कर इसमें छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हमेशा स्थानीय केंचुओं का ही इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने पास की एक संस्था से एसीनिया फेटिडा (eisenia fetida) केंचुओं को खरीदा था। इन्हें 2 मीटर x 1 मीटर x 0.75 मीटर के हौज में रखा जिसे ईंट और गारा से बनाया गया था। सूखे पत्ते, ताजा गोबर और रसोई के अन्य जैविक कचरे इनमें डाले गए। गौरी के अनुसार नमी बनाए रखने के लिए समय–समय पर इसमें पानी का छिड़काव जरूरी है।

करीब 60 से 90 दिनों में यह खाद तैयार हो जाती है। हर 5–7 दिनों में इन्हें घुमाते रहना चाहिए। आज तक गौरी अपने खेतों में केंचुआ खाद का इस्तेमाल कर रही हैं। ष्ुारूआत के कुछ महीनों के अन्दर ही उन्हें फर्क नजर आने लगा था। इनके खेत की मिर्ीा नरम होने लगी। अब उन्हें खेती के लिए पहले से कम पानी की जरूरत पड़ती है। आज कल करीब साल भर से वे अपने खेत में मिश्रित खेती (mixed-cropping) और अन्तः फसल (inter-cropping) ्मुख्य फसल के बीच दूसरी फसल लगानाह की विधि इस्तेमाल कर रहीं हैं। अब वो ताजा रसायन–मुह्य सब्जियां खाती हैं और जो बच जाता है उसे स्थानीय बाजार में बेच देती हैं। घर में इस्तेमाल करने के बाद बचे हुए धान को भी वो बाजार में बेच देती हैं ्करीब 4 बोरियांह।

अब वो अपनी खेती में लगने वाले किसी भी सामान के लिए बाजार पर निर्भर नहीं हैं। वे अपने बीज खुद बचाती हैं। इनकी खेती स्थानीय जैव–विविधता पर आधारित है न कि किसी औद्योगिक उत्पाद पर।

पानी

वर्षा का जल संग्रहण (harvesting) और संचयन (storage) खेत के आस–पास गक्र या तालाब खोद कर किया जा सकता है। पारम्परिक वर्षा जल संग्रहण (rain water harvesting) के ढ़ांचे पूरे भारत में मौजूद हैं। पूरे खेत में हल की मदद से सकरी नाली/खाई (furrow bed) खोद कर उनके प्र पर फसल लगाई जा सकती है। पानी इन गक्रों में गिरने पर बहने के बजाए सीधा अन्दर समा जाएगा। पारम्परिक बूंद सिंचाई (drip irrigation) के उदाहरण दे ा भर में मौजूद है। पूर्वोह्रर राज्यों में बांस द्वारा और मध्य और पि चम भारत में घड़ों की मदद से की जाने वाली बूंद सिंचाई प्रचलित है। इन तरीकों से पानी बेकार खर्च न होकर सीधे जड़ों तक पहुंचता है। ये न सिर्फ ज्यादा कारगर हैं बल्कि इनका निर्माण और रखरखाव काफी आसान और सस्ता है।

वर्षा का जल सोखने और भू–जल स्तर को बढ़ाने में मददगार खाईयां/गक्रे

परिरेखा (contour) और मेढ़ (bund): परिरेखा और बांध की मदद से पानी बहने के बजाए मिर्ीा के अन्दर समा जाता है। इससे भू–जल में वृद्धि होती है। भारत में पहले से ही पानी की कमी है और यहां की खेती वर्षा पर आधारित है। ऐसे में ये तरीके काफी उपयोगी हैं। अनियमित वर्षा में भी ये काफी कारगर साबित होते हैं।

बाढ़ से बचाव : अत्यधिक वर्षा, समुद्री जल भराव और उमड़ती हुई नदियों से उत्पन्न बाढ़ की स्थितियों से

निपटने के लिए असम और पि चम बंगाल के किसान क्यारियों को प्र ंचा (raise farm beds) कर देते हैं। चेक डेम और तटबंध (dyke) की मदद से निचले इलाकों में पानी भरने से रोका जा सकता है। इनके अलावा तटीय क्षेत्र में मैनग्रोव की मदद से हम तट रेखा को ज्वारीय धारा की लहरों के असर से बचा सकते हैं।

पशु–पालन प्रबंधन

बेहतर चारा उत्पादन : दे ी घास और चारागाह को बदल–बदल कर इस्तेमाल करना चाहिए। प ुओं की पारम्परिक और स्थानीय नस्ल स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अपने आप को आसानी से ढाल लेते हैं। इन्हें चारा और पानी भी कम लगता है और बदले में ये ज्यादा दूध देते हैं। इसलिए जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में स्थानीय नस्लें काफी उपयोगी हैं।

दक्षिण भारत की स्थानीय नस्ल – 'हाल्लीकर', अपनी दौड़ने और भार वहन की क्षमता के कारण प्रसिद्ध

हाल के वर्षों में कृषि और प ुपालन के बीच के आपसी सम्बन्धों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकार द्वारा संकर (hybrid) नस्लों को बढ़ावा देने के बाद से गोबर खाद की उपलब्धता और गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ा है जिससे छोटे किसान खासतौर से प्रभावित हुए हैं। इनका प्रभाव खेती के तरीकों और फसल उत्पादन में भी देखने को मिलता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चरवाहे ध्यानपूर्वक चयन करके प ुओं का प्रजनन करवाते आए हैं। कर्नाटक और भारतीय प्रायद्वीप की एक स्थानीय नस्ल है – 'हाल्लीकर'। इस नस्ल के प ु काफी लम्बे और मजबूत होते हैं। इनकी टांगे पतली और सुडौल होती हैं। इन्हें इनकी दौड़ने और भार वहन की क्षमता के कारण जाना जाता है। संकर नस्ल के मुकाबले ये कम चारा और पानी ग्रहण करते हैं। इस प्रकार की नस्लें छोटे किसानों के लिए काफी फायदेमंद हो सकती हैं।

बीज बैंक

परिवार और समाज के लिए बीज बैंक के अनेक फायदे हैं। बीज बैंक एक प्रकार से विविधिकरण का जरिया है जो किसानों को पर्यावरण और आर्थिक समस्याओं से लड़ने की ष ाक्ति प्रदान करता है। बीज बैंक के होने से किसानों के पास यह अवसर है कि वे अलग–अलग पर्यावरणीय स्थितियों में ढ़ले हुए बीजों का चयन कर सकते हैं या फिर उन्हें एक साथ भी लगा सकते हैं। बीज बैंक के होने से ग्रामीण–आदिवासी गांव में लोग एच.वाई.वी (High Yield Variety) य्यादा पैदावार वाली किस्मेंह और उसके लिए जरूरी और महंगी

खाद–कीटना ाक से आजाद हैं। किसानों द्वारा संचित बीज एच.वाई.वी की तुलना में स्थानीय परिवे ा के लिए ज्यादा अनुकूल, आर्थिक रूप से उपयोगी और पर्यावरण के लिए टिकाप्र किस्में हैं। इनमें विना ाकरी कीटों, रोग, सूखा और बाढ़ से निपटने की ज्यादा ताकत होती है।

बीज और अनाज बैंक, का ीपुर, रायगढ़ा
साभार : अग्रगामी, ओडि ा

सही प्रकार के बीज की उपलब्धता कृषि में काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इनके बिना पूरे ग्रामीण समाज का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। बीज बचाने के तरीके उतने ही पुराने हैं जितनी की खेती। ज्यादातर छोटे किसान नियमपूर्वक अगले साल के लिए बीज बचाते हैं। एक समय में भारत में 2 लाख धान की किस्में थीं जो ष्ुाष्क भूमि (dry land), आर्द्र भूमि, या गहरे पानी तक के लिए अनुकूल थीं। इनकी क्षमताओं के कारण ये किस्में काफी लोकप्रिय थीं। ये न सिर्फ सूखा प्रतिरोधी थीं बल्कि ये काफी पौष्टिक और किसी भी तरह की मिप्री में उग जाती थीं।[29] संकर बीजों के आने के बाद से ये सारी किस्में धीरे–धीरे लुप्त होने लगीं। संकर बीजों को रासायनिक खाद, कीटना ाक, बहुतायत मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती है जबकि दे ाी बीजों के लिए खेत या उसके आस–पास मौजूद सामग्री जैसे गोबर इत्यादि से ही काम चल जाता है। संकर बीजों में पड़ने वाले इन नुकसानदायक खाद/कीटना ाकों के इस्तेमाल को रोककर हम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भारी कटौती कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन हो या अनियमित वर्षा या फिर अत्यधिक तापमान – ये बीज हर प्रकार की परिस्थितियों का सामना और प्रतिरोध करने में सक्षम हैं। इस प्रकार दे ाी बीज किसानों के लिए काफी उपयोगी हैं।

बीज संरक्षण
साभार : अग्रगामी, ओडि ा

परम्परा के अनुसार बीज संरक्षण का काम महिलाओं का है। इनके पास बीजों के बारे में ज्ञान का अपार भण्डार है। महिलाएं ही तय करती हैं कि कौन–कौन से बीज को, कितना और कैसे संग्रह करना है।

समुदाय बीज बैंक में कभी–कभी आलू कंद, ष्ाकरकंद, जिमिकंद, रतालू, कसावा जैसे वानस्पतिक बीजों का भी संग्रहण किया जाता है। व्यक्तियों, परिवारों, और बीज बैंक के बीच

[29] *Centre for Interdisciplinary Studies वैज्ञानिक डॉ. देबल देब के साथ एक साक्षात्कार।*

विभिन्न प्रकार से लेन–देन या आदान प्रदान होता है। आमतौर पर बीज मेला, अनाज के बदले वस्तु (in-kind seed loan), वस्तु विनिमय, अदला–बदली, सामाजिक दायित्व के कारण देना इत्यादि जैसे अनौपचारिक तरीके प्रचलित हैं। कुछ बीज बैंक अनाज संग्रह का भी कार्य करते हैं। अत्यधिक नुकसान या भुखमरी जैसी आपातकालीन स्थितियों के समय इन बैंकों से अनाज प्राप्त किया जा सकता है।

फसल चयन और उगाने के तरीके

पारम्परिक धान और गेंहू की खेती से ज्यादा फायदा मोटे अनाज (millets) जैसी फसलों से होता है। इन फसलों को बाहर से बहुत कम लागत की जरूरत पड़ती है। इन्हें पानी भी कम लगता है और ये मिप्री के लिए भी फायदेमंद है। आंध्र प्रदे ा, ओडि ाा, राजस्थान, और कर्नाटक जैसे राज्य खाद्य सुरक्षा सुनि िचत करने के लिए मोटे अनाजों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। फसलों का अवर्तन (crop rotation) ऱफसलों का बदल–बदल कर लगानाह्न मिश्रित एवं अन्तःफसल (inter-cropping) ऱमुख्य फसल के बीच में दूसरी फसल लगानाह्न देर से बुआई करना, स्थानीय एवं पारम्परिक बीजों का इस्तेमाल, श्रीधान विधि (SRI Method) ऱधान सघनीकरण पद्धतिह्न प्राकृतिक खेती, संरक्षित खेती, जैविक खेती, पारिस्थितिकीय खेती जैसे कई तरीकों से अनुकूलन और ष ामन दोनों में मदद मिलती है। इन तरीकों के इस्तेमाल से मिर्ी ी की क्षमता बढ़ जाती है जिससे ये आसानी से जलवायु की उतार–चढ़ाव को झेल लेते हैं। इन तरीकों से कीटों के प्रकोप को भी कम किया जा सकता है। खेत के अव ोशों को जलाने के बजाए उनका पुनः उपयोग कर जलवायु परिवर्तन के दबाव को कम किया जा सकता है।

श्रीधान विधि ऱधान सघनीकरण पद्धति३ (System of Rice Intensification: SRI)

चमरू राम की आयु 70 वर्ष है। ये हिमाचल प्रदे ा के कांगड़ा गांव में रहते हैं। इनके पास करीब 2 एकड़ ऱ20 करनाल; 1 करनाल ÷ 40 वर्ग मीटरह्न की जमीन है जिसमें करीब 90 किलो प्रति करनाल ऱ9 क्विंटल प्रति एकड़ह्न की दर से उत्पादन होता था। वर्ष 2006 में अपने खेत के एक हिस्से से ऱ0.05 एकड़ह्न इन्होंने श्रीधान

पौधों के बीच में पर्याप्त दूरी जिससे जड़ें ठीक ढ़ंग से फैल सकें

विधि की षुरूआत की। कुछ समय बाद इन्होंने इसे और बढ़ा दिया। अब वे 0.08 एकड़ में श्रीधान विधि से खेती करने लगे। इस विधि में उनकी इतनी रुचि इसलिए थी क्योंकि इसमें बहुत कम सिंचाई की जरूरत पड़ती है और इससे मिर्टी की उर्वरता भी बरकरार रहती है। श्रीधान विधि से इनका उत्पादन पहले से दुगना हो गया य8 क्विंटल प्रति एकड़ह।

श्रीधान विधि और पारम्परिक तरीके में फर्क

विवरण	**पारम्परिक तरीका**	**श्रीधान विधि**
नर्सरी	खेत में	नर्सरी उठाई हुई (raised)
खेत की तैयारी	नि ाान की जरूरत नहीं	चिफ्रक द्वारा
रोपाई	कोई तय दूरी नहीं	पौधे से पौधे और पंक्ति से पंक्ति की दूरी 10 इंच; 8 से 12 दिन की पौध का रोपन
निराई	हाथ से	वीडर मष ीन द्वारा
जल प्रबंधन	वर्षा आधारित या सिंचाई द्वारा पानी भरकर	केवल एक इंच पानी भरकर; मिर्टी को नम रखते हैं
खाद	यूरिया और खलीहानी खाद (farm yard manure)	प्राकृतिक रूप से तैयार पंचगव्यय, अमृतजल, मटका खाद, केंचुआ खाद

इस प्रयि या में चमरू को कम बीजों य्करीब 250 ग्राम प्रति करनालह्और कम पानी की जरूरत पड़ती है। हवा से भी फसल को कम नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि पौध का रोपन ठीक 10 से 12 दिनों में ही किया जाना चाहिए। इसके साथ–साथ जैविक खाद की वजह से चावल का स्वाद पहले से बेहतर हो गया था। मिर्टी नरम हो गई थी और चारा ज्यादा हरे भरे हो रहे थे। अब वे श्रीधान विधि के कायल हैं और दूसरे किसानों को भी इसे अपनाने के लिए प्ररित कर रहे हैं।

कीट प्रबंधन

जैविक कीटना ाक और जैविक संवर्धक (bio-enhancer) की मदद से कृषि में जलवायु परिवर्तन के असर को बहुत तेजी से कम किया जा सकता है। इनमें जीवा म ईंधन का प्रयोग नहीं होता है और रासायनिक खाद के विपरीत इनसे खतरनाक ग्रीनहाउस गैस नहीं निकलती है। जैविक कीटना ाक को खेत के आस–पास मिलने वाली सामग्री जैसे नीम, गोबर, लाल मिर्च, अदरक, सरसों और पानी की मदद से बनाया जाता है। जैविक संवर्धक गोबर, गौमूत्र, गुड़, दही, दालें (legume), इत्यादि चीजों से बनता है। कीटों को रोकने के लिए फसल के आस–पास गेंदा जैसे पौधों को भी लगाया जा सकता है।

खाद्य सुरक्षा पर पड़ने वाले जलवायु परिवर्तन से निपटने का यह एक बेजोड़ तरीका है। किसानों को एक किचन गार्डन जरूर बनाना चाहिए जिसमें वे अपने लिए साग, सब्जियां, दालें, फल और अनाज लगा सकें। छोटे स्तर पर अगर हम बहुत सारी चीजें लगाएंगे तो उसमें खतरा कम हो जाता है। जलवायु के खतरों और नकदी फसल की कीमतों से बचने के लिए किसान परिवार किचन गार्डन की मदद से अपने लिए पर्याप्त भोजन उत्पादन कर सकते हैं। इस प्रकार उन्हें विषम परिस्थिति में भी भूखा नहीं रहना पड़ेगा।

कृषि–पारिस्थितिकी : जलवायु परिवर्तन संकट का एक टिकाऊ उपाय

आज हमारे सामने कई प्रकार की चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण, आर्थिक सुरक्षा, और जलवायु परिवर्तन इत्यादि। इन्हें अलग–अलग करके देखना गलत होगा। जलवायु परिवर्तन को ही ले लें। यह कोई सामान्य सी घटना नहीं है। इसे एक व्यापक स्तर पर उथल–पुथल के रूप में देखा जाना चाहिए[30] न कि साधारण ग्लोबल वार्मिंग के रूप में। जलवायु संकट से निपटने के उपाय जैव विविधता, पारिस्थितिकीय खेती, जैविक खेती जैसे तरीकों में है जिनसे न सिर्फ कम लागत में ज्यादा खाद्य उत्पादन हो सकता है बल्कि ये ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी रोकने में कामयाब हैं। इनकी मदद से किसान समाज आसानी से बदलते हुए जलवायु स्थितियों के अनुसार अपने आप को ढ़ाल सकते हैं।[31]

पारिस्थितिकीय खेती जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर देती है। इस प्रकार ये ज्यादा टिकाऊ है। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इसे एक ढ़ाल के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें कई प्रकार की कृषि पद्धतियां शामिल हैं जिन्हें पिछले दो दशकों से पारम्परिक खेती के रूप में आजमाया जा रहा है। इन पद्धतियों की मदद से हम प्राकृतिक रूप से स्वस्थ खाद्य उत्पादन कर सकते हैं। इनका उत्पादन विकेन्द्रीकृत, सामुदायिक स्तर पर, कम ऊर्जा खपत किये, टिकाऊ रूप से किया जा सकता है। पारिस्थितिकीय खेती में किसान पारिस्थितिकी के ज्ञान को अपना आधार मानते हैं। उत्पादन बढ़ाने, कीट नियंत्रण और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए इसमें रसायन और अनुवंशिक अभियांत्रिकी (Genetic Engineering) की मदद नहीं ली जाती है। इसमें कई प्रकार के फसलों को बदल–बदल कर लगाया जाता है ताकि वे कीट जो एक फसल की तरफ आकर्षित होते हैं अगली फसल चक्र में गायब हो जाएं। इन्हें मालूम है कि कीटों को पूरी तरह से नष्ट नहीं किया जा सकता। इससे कीटों के साथ–साथ प्राकृतिक परभक्षी भी खत्म हो जाएंगे जिनकी पारिस्थितिकी का संतुलन बनाए रखने में बड़ा योगदान है। रासायनिक खाद के बजाय किसान अपने खेत में गोबर खाद डालते हैं और फसल के अवशेषों को जलाने के बजाए दुबारा इस्तेमाल करते हैं। इस प्रकार खेत का सामान खेत में ही वापस चला जाता है और जैविक चक्र का संतुलन बना रहता है।

कृषि पारिस्थितिकी का प्रमुख सिद्धान्त है खेती का विविधिकरण। अन्तः फसल (inter-cropping) ﴾दो या उससे अधिक फसलों को आस–पास लगाना﴿ कृषि वानिकी ﴾फसल के साथ पेड़ों और झाड़ियों को लगाना﴿ जैव विविधता जैसी कई टिकाऊ पारिस्थितिकीय पद्धतियां प्रचलित हैं। इसमें देशी और स्थानीय पशुपालन को खेती के साथ जोड़ कर देखा जाता हैं और मिट्टी के अन्दर और जमीन के ऊपर के पारितंत्र को भी सशक्त करने पर जोर दिया जाता है। ये सारे तरीके श्रम प्रधान व समुदाय आधारित हैं और सामाजिक

[30] *http://base.d-p-h.info/fr/fiches/dph/fiche-dph-8762.html*

[31] *Ibid*

बाहिष्कार और दरिद्रता से निपटने में कारगर हैं। अन्य ष्ाब्दों में कृषि पारिस्थितिकी आर्थिक दृष्टि से व्यवहारिक, पर्यावरण के लिए हितकारी और समाजिक उद्धार करने वाला है।

कृषि पारिस्थितिकी का उपाय सर्वांगी (systemic) और सर्वोत्कृष्ट है। अगर रासायनिक और औद्योगिक खेती से हट कर कृषि पारिस्थितिकी, समुदाय आधारित और टिकाप्र खेती की तरफ बढ़ते हैं तो हम एक साथ तीन समस्याओं से निपट सकते हैं। इससे प्र र्जा पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी य्क्योंकि हमें उत्पादन, परिवहन और खाद्य प्रसंस्करण में भारी मात्रा में जीवा म ईंधन की जरूरत नहीं पड़ेगी ह स्वास्थ्य और प्राकृतिक तरीके से उगाए गए खाद्य का जन स्वास्थ्य के प्र पर काफी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे क्योंकि बहुत सारी बिमारियां जैसे हृदय रोग, दौरा, मधुमेय इत्यादि हमारे खान–पान से जुड़े हुए हैं। और अंततः कृषि पारिस्थितिकी जलवायु परिवर्तन से भी लड़ने में कामयाब है क्योंकि यह वातावरण से कार्बन डायऑक्साइड को चूसकर जैविक सामग्री में कैद कर देती है।[32]

वि व भर में कई समुदाय, आंदोलन, और संगठन औद्योगिक खेती को पारिस्थितिकीय खेती में बदलने की मांग कर रहे हैं। यह न सिर्फ अत्यंत आव यक है बल्कि यह बिना किसी नई तकनीक या बड़ी लागत के हासिल किया जा सकता है और यह व्यवहारिक भी है। वि वभर में कई ऐसे उदाहरण हैं जो कि खासतौर पर छोटे किसानों के लिए आर्थिक पर्यावरणीय और सामाजिक के साथ–साथ लाभकारिता भी द र्ाते हैं। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए इस बात की आव यकता है कि पारिस्थितिकीय खेती को स्थानीय, वै िवक, और राजनीतिक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाए।

[32] *TJ., LaSalle and P., Hepperly, "Regenerative Organic Farming: A Solution to Global Warming," Rodale Institute Report, 2008.*

Shortage
Diseases
Biodiversity
Loss
Migration
Suicides
LowFarmer
Knowledge
Waves
Agroecology
Debts
Page
Word
Cloud
Pests
Increased
Dry
Sharing
Burst
Rainfall
Moneylenders
Unseasonal
Pattern
Snowfall
Fertilizers
Hailstorms
Food
Temperatures
Cattle
Water
Floods
Seed
Mitigation
Farming-Water
Productivity
Spells
Biodiversity
Vermicompost
Ecological
Degraded
Harvesting
Loans
Drought
Banks
use
and
Climate
Sowing
Erratic
Heat
Sovereignty
Practices
Seeds
Reduction
Local
Soil
Rising
Changes
Farming
Pesticides
Adaptation

फोकस ऑन द ग्लोबल साउथ

फोकस ऑन द ग्लोबल साउथ, एशिया (थाईलैंड, फिलीपीन्स एवं भारत) में स्थित एक नीति शोध संगठन है। फोकस भारत एवं विश्व के दक्षिण भाग (यानी विकासशील देशों) में वैश्वीकरण की राजनीतिक अर्थव्यवस्था और इस प्रक्रिया में अंतर्निहित प्रमुख संस्थाओं के बारे में शोध तथा विश्लेषण प्रदान कर सामाजिक आंदोलनों एवं समुदायों की सहायता करता है। फोकस के लक्ष्य दमनकारी आर्थिक एवं राजनीतिक संरचनाओं की समाप्ति, स्वतंत्र संरचनाओं तथा संस्थाओं का निर्माण, विसैन्यीकरण और शांति को बढ़ावा देना है।

रोज़ा लक्जमबर्ग स्टिफतुंग (आर.एल.एस.)

रोज़ा लक्जमबर्ग स्टिफटुंग (आर.एल.एस.) जर्मनी में स्थित एक फाउंडेशन है, जो दक्षिण एशिया की तरह ही विश्व के अन्य भागों में महत्वपूर्ण सामाजिक विश्लेषण और नागरिक शिक्षा के विषयों पर कार्य कर रहा है। यह एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक सामाजिक व्यवस्था को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य समाज एवं नीति निर्धारकों के सामने वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है। यह शोध संगठनों, स्व–मुक्ति के लिए संघर्ष करने वाले समूहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को उन मॉडल्स के विकास में उनकी पहलों में मदद देता है, जिनमें अत्यधिक सामाजिक एवं आर्थिक न्याय देने की क्षमता है।